प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने कहा–पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से पूरी दुनिया चिंतित–भारत स्थिति से निपटने की कर रहा कोशिश।
- हिमाचल को केंद्र सरकार से पिछले तीन वर्षों में अलग–अलग मदों में मिली 44 हजार 5 सौ करोड़ रूपए से अधिक की राशि।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य के मेडिकल कॉलजों में एडवांस कम्प्यूटराईज ऑटोमेटिक लैब जल्द होंगी स्थापित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–हिमकेयर योजना को बदनाम कर रही है राज्य सरकार।
- चंबा जिला की जनजातीय पांगी घाटी में बीते तीन सप्ताह से विद्युत आपूर्ति ठप्प–लोग परेशान।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में एक महीने से अधिक समय से जारी संघर्ष को लेकर पूरी दुनिया चिंतित है। उन्होंने कहा कि युद्ध के कारण कई देशों में खाद्य सामग्री, पेट्रोल, डीज़ल, गैस और उर्वरकों जैसी आवश्यक वस्तुओं की कमी हो रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्थिति की समीक्षा के लिए उन्होंने देश के सभी मुख्यमंत्रियों से सकारात्मक चर्चा की है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश में एलपीजी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, हालांकि कमर्शियल गैस की कुछ कमी जरूर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते शाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से भी बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि मुख्य सचिव प्रतिदिन पेट्रोल डीजल की स्थिति की समीक्षा कर रहे हैं।

प्रश्नकाल

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश को पिछले तीन वर्षों में केंद्र सरकार से अलग–अलग मदों में 44 हजार 5 सौ 19 करोड रूपए की राशि प्राप्त हुई है। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आज प्रश्नकाल के दौरान विधायक विनोद कुमार, रणधीर शर्मा, और सुधीर शर्मा के संयुक्त सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी विधानसभा क्षेत्रों का समान विकास करना सरकार की प्राथमिकता है।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने केंद्र सरकार द्वारा जारी बजट के असमान वितरण का मामला उठाया और आरोप लगाया कि केंद्र से जो पैसा आ रहा है वो कांग्रेस विधायकों के विधानसभा क्षेत्र में आबंटित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र से हिमाचल को जरूरत से ज्यादा धनराशि मिल रही है। बावजूद इसके सरकार केंद्र से सहायता न मिलने का जो आरोप लगा रही है वो निराधार है। विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल फ्राड के बढते मामलों पर रोक लगाने के लिए भविष्य में एआई की नॉलेज रखने वाले लोगों की नियुक्ति पर सरकार विचार करेगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि बीते 3 वर्षों में प्रदेश में डिजिटल फ्राड के 5 सौ 86 मामले दर्ज हुए। इन मामलों में एक सौ 50 करोड़ 19 लाख रूपए की ठगी हुई है।

प्रश्नकाल–2

विधायक रीना कश्यप और हरदीप सिंह बावा के सवाल के जवाब में ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि 31 मार्च, 2026 तक 12 वर्ष का कार्यकाल पूरा करने वाले ग्राम पंचायत चौकीदार दैनिक वेतनभोगी बनाए जाएंगे। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश में 4 सौ 74 चौकीदार हैं, जिन्होंने 12 वर्ष पूरे किए हैं। उन्होनें कहा कि ग्राम पंचायत चौकीदार जिला परिषद का कैडर है और यह सरकार के अधीन नहीं आते है। इनको नियमित करने का मामला जब कैबिनेट में जाएगा तब इस पर विचार किया जाएगा। विधायक सतपाल सिंह सत्ती के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जल शक्ति विभाग में दिव्यांग श्रेणी के कर्मचारियों को 15 अप्रैल से पहले पदोन्नत कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेशों के अनुसार पदोन्नति में 4 प्रतिशत आरक्षण कोटे के तहत यह पदोन्नति की जाएगी। अग्निहोत्री ने कहा कि विभाग द्वारा इसके लिए विशेष समिति का गठन किया गया है।

मुख्यमंत्री जवाब

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में बड़ा ऐलान किया है। विधानसभा में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर कटौती प्रस्तावों पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए आज मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के मेडिकल कॉलेजों में जल्द ही एडवांस कंप्यूटराइज्ड ऑटोमैटिक लैब स्थापित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि यह लैब एम्स दिल्ली की तर्ज पर विकसित की जाएंगी। इसके लिए आई.जी.एम.सी. और चमियाना मेडिकल कॉलेज में मशीनों को खरीदने के लिए धनराशि जारी कर दी गई है। इसके अलावा हमीरपुर, टांडा और नेरचौक मेडिकल कॉलेजों में भी ऐसी आधुनिक लैब स्थापित की जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में पांच नई एमआरआई मशीनों की खरीद के आदेश भी जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि यदि इतिहास के पन्ने पलटे जाएं तो स्पष्ट हो जाएगा कि पूर्व भाजपा सरकार ने स्वास्थ्य क्षेत्र में अपेक्षित कार्य नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की दयनीय स्थिति के लिए पूर्व सरकार जिम्मेदार है।

कटौती प्रस्ताव

इससे पहले स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लाए गए कटौती प्रस्ताव पर विपक्ष ने सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं के मुद्दे पर घेरा। भाजपा विधायकों ने अस्पतलों में उपकरणों व स्टॉफ की कमी और योजनाओं के क्रियान्वयन पर गंभीर सवाल उठाए। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने चर्चा भाग लेते हुए आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की तरफ से हिमकेयर योजना को लेकर जो तथ्य सामने रखे गए हैं, वे सत्य नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि हिमकेयर योजना में कुछ गलत हुआ है तो उसकी जांच करवाई जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि योजना के नाम पर अनियमितता के आरोप लगाकर नेक कार्य में जुटे चिकित्सकों को बदनाम करना सही नहीं है। उन्होंने ये भी कहा कि कोविड–19 के समय सेवाएं देने वाले आऊटसोर्स कर्मचारियों को नौकरी से निकालना गलत है। स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्य सरकार नेता प्रतिपक्ष की तरफ से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर दिए गए सुझाव पर विचार करेगी। उन्होंने कहा कि कोविड–19 के दौरान सेवाएं देने वाले कर्मचारियों की सेवाएं फिर से लेने पर भी विचार किया जाएगा।

जयराम ठाकुर

बाद में पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमकेयर योजना में हुए घोटाले को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए बयान अलग–अलग हैं। उन्होंने कहा कि सरकार जानबूझ कर हिमकेयर योजना को बदनाम कर रही है।

मांग

चंबा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी घाटी की शौर पंचायत के उप प्रधान निहाल सिंह भारद्वाज ने बताया है कि घाटी में बीते करीब 3 सप्ताह से विद्युत आपूर्ति ठप्प है, जिससे क्षेत्र की 19 पंचायतों के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आकाशवाणी को बताया कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से 10वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। निहाल सिंह भारद्वाज ने पांगी प्रशासन से क्षेत्र में जल्द से जल्द विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है।

पीएम–मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 132वी कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना व प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा।

सिकंदर कुमार

राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार ने सदन में हमीरपुर–सुजानपुर–पालमपुर सड़क को फोरलेन में बदलने का मामला उठाते हुए कहा कि ये मार्ग सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है और हजारों लोगों की देनिक जीवन रेखा भी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बढ़ती यातायात की भीड़ और तंग सड़कों के कारण इस मार्ग पर फोरलेने का निर्माण समय की मांग बन गया है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने कहा कि बेहतर कनेक्टिविटी से स्थानीय व्यापार को मजबूती मिलेगी और कृषि उत्पादों व अन्य सामग्री को मंडियों तक पहुंचाना आसान हो जाएगा। उन्होंने जनहित को देखते हुए केंद्र सरकार से इस परियोजना को प्राथमिकता देते हुए इसी वित्त वर्ष में फोरलेन में परिवर्तित करने का आग्रह किया।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी ने कहा–पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से पूरी दुनिया चिंतित–भारत स्थिति से निपटने की कर रहा कोशिश।
- हिमाचल को केंद्र सरकार से पिछले तीन वर्षों में अलग–अलग मदों में मिली 44 हजार 5 सौ करोड़ रूपए से अधिक की राशि।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–राज्य के मेडिकल कॉलजों में एडवांस कम्प्यूटराईज ऑटोमेटिक लैब जल्द होंगी स्थापित।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप–हिमकेयर योजना को बदनाम कर रही है राज्य सरकार।
- चंबा जिला की जनजातीय पांगी घाटी में बीते तीन सप्ताह से विद्युत आपूर्ति ठप्प–लोग परेशान।